आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 17.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- इसरो ने श्रीहरिकोटा से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस–जीरो–एट का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।
- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पिछले छः महीनों के दौरान द्वीपों के लगभग तेरह हजार लाभार्थियों को छः करोड़ रूपये का लाभ दिया गया है।
- एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि द्वीपों में ई–गवर्नेंस को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।
- बिजली विभाग के निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि द्वीपों मे काफी चुनौतियों के बावजूद उनका विभाग बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियो को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने कल पृथ्वी अवलोकन उपग्रह और एसआर–ओ उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इन उपग्रहों को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान –एसएसएलवी–डी–3 की तीसरी उड़ान के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया है। इस सफलता से यह साबित हो गया है कि भारत अत्यंत छोटे और सूक्ष्म उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम है। इन दोनों उपग्रहों को चार सौ पचहत्तर किलोमीटर दूर कक्षा में स्थापित किया गया है और इनके सौर पैनल खोल दिए गए हैं। एसएसएलवी–डी–3 एक सौ पचहत्तर किलोग्राम भार के पृथ्वी अवलोकन उपग्रह– ईओएस–जीरो–एट और एक अन्य छोटे उपग्रह एस आर–जीरो के साथ रवाना हुआ। यह यान चौंतीस मीटर लंबा और लगभग एक सौ उन्नीस टन वजन का है।

<><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पिछले छः महीनों के दौरान द्वीपों के लगभग तेरह हजार लाभार्थियों को छः करोड़ रूपये का लाभ दिया गया है। ठोस कचरा प्रबंधन, स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत भी कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेताजी स्टेडियम में द्वीपवासियों को संबोधित करते हुए उप–राज्यपाल ने कहा कि कैम्पबेल बे और डिगलीपुर जैसे सुदूर क्षेत्रों में एकीकृत चिकित्सा स्टेशन की स्थापना और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उप–ज़िला अस्पताल में विस्तार द्वीपों में जीवन को सुगम्य बनाने में सहयोग करेगा।

एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि द्वीपों में ई–गवर्नेंस को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जहाज़रानी क्षेत्र में भी कई उल्लेखनीय कदम उठाए जा रहे हैं, जो भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलाएगा।

<><><><><><><>

बिजली विभाग के निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि द्वीपों मे काफी चुनौतियों के बावजूद उनका विभाग बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। मांग और आपूर्ति के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि बिना बाधा के लोगों को बिजली मिले, इस दिशा में काम किया जा रहा है।

उन्होंने लोगों से सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि उनका विभाग नवीकरणीय ऊर्जा की ओर अग्रसर हो रहा है।

डॉ. प्रशांत कुमार से की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे आज शाम साढ़े छः बजे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली ने गोलघर निवासी कैप्टन अनुराग डे के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया। वे बावन वर्ष के थे। शवयात्रा आज दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियो को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर की सब–जूनियर चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय स्कूल खेल में स्वर्ण पदक जीतने वाले को तीस हजार रूपये, रजत पदक वाले को पच्चीस हजार रूपये और कांस्य पदक विजेता को बीस हजार रूपये की राशि दी जाएगी। एशियन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता को चार लाख, रजत को तीन लाख और कांस्य पदक विजेता को दो लाख रूपये की राशि दी जाएगी। एशियन गेम्स या राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजेता के लिए पांच लाख, रजत के लिए चार लाख और कांस्य पदक के लिए तीन लाख रूपये निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय खेलों के व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने वाले को तीन लाख, रजत के लिए दो लाख और कांस्य पदक विजेता को एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार मिलेगा। राष्ट्रीय महिला खेल उत्सव और वरिष्ठ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पहले स्थान पाने वाले को पचास हजार, दूसरे स्थान के लिए पैंतीस हजार और तीसरे स्थान के लिए पच्चीस हजार रूपये निर्धारित की गई है। अप्रैल दो हजार बाईस से मार्च दो हजार तेईस और अप्रैल दो हजार तेईस से मार्च दो हजार चौबीस के बीच आयोजित मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के पदक विजेता ही इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र कार्य दिवसों में खेल और युवा कार्य निदेशालय से प्राप्त कर दस्तावेजों के साथ इसे पन्द्रह सितम्बर तक नेताजी स्टेडियम कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते जलयान सिंधु की आज की पोर्ट ब्लेयर से मायाबंदर और मायाबंदर से इसकी वापसी यात्रा को रद्द कर दिया गया है। जिन यात्रियों ने इस यात्रा के लिए टिकट खरीदे है, वे टिकट रद्द करवाकर पैसे वापस ले सकते हैं।

इस बीच, एम.वी कालीघाट उन्नीस अगस्त को मायाबंदर होते हुए डिगलीपुर जाएगा। जहाज़ रात नौ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा। इस यात्रा के लिए टिकट आज से जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>